हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

11 सड़क किनारे ठेले-खोखे और अवैध कब्जे हटवाए

12 डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन


## खबर संक्षेप

### दो किसानों के खेत से धान चोरी, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव खेड़ी दमकन के दो किसानों के खेत से धान चोरी कर लिया गया। फसल की कटाई व झड़ाई के बाद धान को खेत में डाला गया था और मंडी में लाने की तैयारी की जा रही थी। दोनों किसानों की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। पवन कुमार ने बताया कि उसके खेत गांव बड़ौता से सिकंदरपुर माजरा वाले रास्ते पर हैं। उसने रविवार को एक एकड़ में धान की फसल की हाथ से कटाई व झड़ाई करवाई थी। झाड़ा गया धान खेत में ही पड़ा था। वह रविवार को खेत में गया तो धान नहीं मिला। किसान मोहित ने बताया कि उसके खेत बड़ौता से सिकंदरपुर माजरा मार्ग के पास में हैं। उसने चार अक्टूबर को एक एकड़ में धान की फसल हाथ से कटवाने के बाद झड़ाई कराई थी। धान को पूरी तरह से सुखाने के लिए उसने उसे खेत में डाल रखा था। रविवार को वह खेत में गया तो फसल नहीं मिली।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान कोट मोहल्ला निवासी इकराम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, इकराम किसी कार्य से जा रहा था, तभी सड़क पर अचानक हुए हादसे में वह बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

## आतंक के खिलाफ पुलिस तैयार : बस से लेकर ट्रेन व सड़क तक चौकसी

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद रेलवे स्टेशनों पर अलर्ट, जांच तेज

जीआरपी थाना के 38 और आरपीएफ के 40 पुलिसकर्मी लगातार गश्त और निगरानी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिल्ली के लाल किला के पास सोमवार शाम हुए कार ब्लास्ट के बाद पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इसी के चलते रेलवे स्टेशन परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है। अंबाला व दिल्ली मुख्यालय से मिले निर्देशों के बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सोनीपत जिले के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों पर विशेष जांच अभियान शुरू कर दिया है।

सोनीपत स्टेशन से लेकर गन्नौर, राठधना और अन्य छोटे स्टेशनों तक यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जांच व्यवस्था को पहले से कहीं अधिक सख्त बना दिया गया है। रेलवे स्टेशन परिसर में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की तलाशी ली जा रही है और ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है। जीआरपी थाना के 38 और आरपीएफ थाना के 40 पुलिसकर्मी लगातार गश्त और निगरानी में जुटे हुए हैं। वहीं, छोटे स्टेशनों पर भी अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। सोनीपत रेलवे पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, यह एहतियाती कदम यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक यह सघन जांच अभियान जारी रहेगा।


रेलवे स्टेशन पर अभियान के दौरान जांच करते हुए पुलिस कर्मी।

### इतने पुलिस कर्मी तैनात

दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में बादली स्टेशन तक और पानीपत की दिशा में गन्नौर तक जीआरपी व आरपीएफ के जवान चौकसी बरत रहे हैं। गन्नौर स्टेशन पर जीआरपी के 8, राठधना में 4 और सोनीपत-गोहाना रूट पर आरपीएफ के 10 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर की मदद से यात्रियों के बैग और सामान की गहन जांच की जा रही है।

### डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर नहीं

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के अंतर्गत सोनीपत स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों के चलते सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) स्थापित नहीं है। भवन निर्माण के चलते स्टेशन के प्रवेश द्वार पर लगे डिटेक्टर व 24 सीसीटीवी को हटा लिया गया था। अब स्टेशन परिसर में आने-जाने के लिए यात्री तीन मार्गों से आवागमन कर रहे हैं।

### ट्रेनों के अंदर भी सामान की हो रही जांच

दिल्ली में कार ब्लास्ट के बाद सोनीपत स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। आरपीएफ-जीआरपी कर्मी मिलकर सतर्कता के साथ जांच कर रहे हैं। हर यात्री व सामान की जांच की जा रही है। जांच के दौरान यात्रियों से शालीनता बरती जा रही है। स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाने के साथ ट्रेनों में भी यात्रियों व सामान की जांच की जा रही है।

\- इंस्पेक्टर विजय पाल, प्रभारी, जीआरपी थाना, सोनीपत

## पुलिस ने नाकों पर ली तलाशी

**सोनीपत।** दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए कार बम धमाके के बाद सोनीपत पुलिस प्रशासन पूरी तरह हाई अलर्ट पर आ गया है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के दिशा-निर्देशानुसार शहर और ग्रामीण इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है।


सोनीपत में बस में जांच अभियान चलाते हुए पुलिस कर्मचारी।

पुलिस बल को इंटर-स्टेट बॉर्डर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, धर्मशाला, बाजार और पार्किंग क्षेत्रों में तैनात किया गया है। सभी चौक-चौराहों पर नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की जा रही है।

### पुलिस आयुक्त ने की अपील

ममता सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें और पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आपकी सतर्कता हमारी ताकत है। आपकी एक सूचना किसी बड़ी घटना को रोक सकती है। यदि किसी को कोई संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या लावारिस वस्तु दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 पर सूचना दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

## पिपली में जमीन विवाद युवक की पीटकर हत्या

■ जिम से लौट रहे युवक की कार को घेरकर डंडों से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

पिपली गांव में जमीनी विवाद ने युवक की बलि ले ली। सोमवार रात जिम से लौट रहे 25 वर्षीय अजय पर गांव के ही कुछ युवकों ने कातिलाना हमला कर दिया। सरकारी स्कूल के पास उसकी कार रोककर लाठी-डंडों से की गई पिटाई में अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले खरखौदा नागरिक अस्पताल, फिर रोहतक के कायनोस अस्पताल और वहां से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पहले अजय ने पुलिस को बयान दिया था, जिसके आधार पर ललित, दीपक, कपिल, अजय सहित चार-पांच युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अजय ने अपने बयान में कहा था कि हमलावरों ने पूर्व सरपंच रामनिवास के कहने पर यह हमला किया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं और छानबीन जारी है।


मृतक अजय।

## किशोरी को बहकाकर ले जाने पर युवक को 5 साल कैद

■ अपहरण में तीन वर्ष कैद और दो हजार जुर्माने की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने किशोरी को बहकाकर ले जाने के एक मामले में आरोपित को दोषी करार देते हुए पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। हालांकि, आरोपित पर लगाए गए पॉक्सो एक्ट के आरोप साबित नहीं हो सके।

यह मामला थाना खरखौदा क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता ने 7 अक्टूबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी साढ़े 17 वर्षीय बेटी देर रात से घर से लापता है। परिजनों ने अपनी ओर से काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने अपने बयान में शक जताया था कि उनके ही क्षेत्र का निवासी मंजीत उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान 12 अक्टूबर 2024 को लड़की को बरामद कर लिया गया। वहीं, आरोपित मंजीत को 14 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार किया था। अदालत ने साक्ष्यों और बयानों के आधार पर मंजीत को बहकाकर ले जाने की धारा में पांच वर्ष कैद और तीन हजार रुपये जुर्माना, जबकि अपहरण की धारा में तीन वर्ष कैद और दो हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

## उपायुक्त सुशील सारवान ने ली अधिकारियों की बैठक

# दो कार्यक्रमों में हिस्सा लेने 14 को सोनीपत पहुंचेंगे सीएम, डीसी ने लगाईं ड्यूटियां

दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से आह्वान किया कि वे महान बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को भावनात्मक जुड़ाव और पूर्ण समर्पण भावना से सफल बनाएं। यह कार्यक्रम 14 नवम्बर को राई स्थित एजुकेशन सिटी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

उपायुक्त सुशील सारवान ने 14 नवंबर को डीसीआरयूएसटी मुरथल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के शुभारंभ कार्यक्रम तथा राई एजुकेशन सिटी में दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान दिवस पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक कर दिशा-निर्देश दिए।


सोनीपत में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त एवं अन्य।

### डीसीआरयूएसटी में राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह मनाएंगे

डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 14 नवम्बर को पहले दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल (डीसीआरयूएसटी) में राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री राई एजुकेशन सिटी में आयोजित महान बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों के अनुसार तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में डीसीपी प्रबीना पी, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ. अनमोल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, एमडी शुगर मील सोनीपत संजय, एमडी शुगर मील गोहाना अंकिता वर्मा आदि मौजूद रहे।

### आप नेता ने रखी सरकार से विशेष मांग

**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के नेता देवेंद्र गौतम ने कहा कि कुशाल सिंह दहिया का बलिदान भारत के इतिहास में एक अद्वितीय और अतुलनीय अध्याय है। देवेंद्र गौतम ने हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग रखी है कि कुशाल सिंह दहिया के नाम पर कोई सरकारी संस्थान जैसे स्कूल, कॉलेज, खेल स्टेडियम, ट्रामा सेंटर, मेडिकल कॉलेज आदि की स्थापना करने के साथ-साथ स्कूली पाठ्यक्रम में अमर शहीद बलिदानी कुशाल सिंह दहिया के इतिहास को शामिल करें ताकि आने वाली पीढ़ियां इनकी गाथा को ना केवल सुनें बल्कि उसे पढ़ें, समझें और जीवन में अपनाएं। यही इन बलिदानियों के प्रति सरकार की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## घर से रुपये, आभूषण व सामान चोरी करने के 2 आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने घर से रुपये, आभूषण और अन्य सामान चोरी करने की वारदात में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान श्याम निवासी गांव गढ़ी बाला जिला सोनीपत और रोबिन निवासी गांव गढ़ी बिंद्रोली जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित कपूर पुत्र प्रेम निवासी गांव गढ़ी बाला ने 3 नवंबर को थाना कुंडली में शिकायत दर्ज कराई थी कि तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसके घर में चोरी की घटना हुई। उसने बताया कि घर के अंदर किसी के होने की आहट सुनकर जब उसकी पत्नी ने आवाज लगाई, तो सामने गांव का ही पड़ोसी श्याम खड़ा था, जिसने कहा ताई, मैं हूं और तत्पश्चात भाग गया। जब परिवार ने अलमारी देखी तो वह खुली मिली और उसमें रखे 40 हजार रुपये व सोने के आभूषण गायब मिले। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि चोरी में श्याम के साथ उसका साथी रोबिन भी शामिल था। घटना के संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों को पकड़ा।

## हटाए कर्मचारियों ने फल बेचकर जताया विरोध


**सोनीपत।** बिजली निगम में ठेके पर लगे कर्मचारियों को हटाने के विरोध में कर्मचारियों ने मंगलवार को आईटीआई चौक पर अनोखे ढंग से प्रदर्शन किया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में कर्मचारियों ने फल बेचते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि सरकार व प्रशासन युवाओं के साथ लगातार धोखा कर रहा है। ठेका प्रथा पूरी तरीके से शोषण का तरीका है। इसमें 12-12 घंटे कर्मचारी से काम लिया जाता है। जब मर्जी हटा दिया जाता है। इससे युवाओं का भविष्य लगातार अंधकार में होता जा रहा है।

### चुनावी वादा पूरा करे सरकार

चुनाव से पहले सरकार ने वादा किया था कि अगर जीते तो ठेके पर लगे सभी कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा। अब कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। इस अवसर पर राजवीर सैनी, कुलदीप, प्रमोद, राहुल, तरुण, आजाद, अमन शर्मा, प्रदीप, नरेंद्र शर्मा, दिनेश, दीपक शर्मा, राजकुमार, साहिल, विकास, अमन, राहुल, कुलदीप, सचिन, हनी, विवेक, वजीर, राकेश, सुमित, राहुल, मनीष आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने बरामद किए 27 गुमशुदा मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पुलिस आयुक्त ममता सिंह के कुशल नेतृत्व और पुलिस उपायुक्त (साइबर) कुशल पाल सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त मलकीत सिंह के मार्गदर्शन में साइबर सेल सोनीपत की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने अक्टूबर और नवंबर माह में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 27 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें विभिन्न कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल है। उप निरीक्षक कमल सिंह, इंचार्ज साइबर सेल सोनीपत ने इन मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा। साइबर सेल सोनीपत द्वारा लगातार ऐसे मामलों में सफलता हासिल की जा रही है, जहां गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को पोर्टल के माध्यम से ट्रैक किया जा रहा है।

### फोन चोरी होने पर तुरंत दें शिकायत

कमल सिंह ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाता है, तो वह तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने के साथ-साथ पर अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करें। ऐसा करने से मोबाइल की लोकेशन ट्रैक होने और बरामदगी की संभावना काफी बढ़ जाती है।

## नर्सिंग कोर्स में दाखिला दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**खरखौदा।** शहर की गुरुकुल वाली गली निवासी एक युवक ने पंजाब में जीएनएम नर्सिंग कोर्स में दाखिला दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित कृष्ण ने कोर्ट में आपराधिक शिकायत दी है, जिसमें आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।

कृष्ण के मुताबिक, आरोपी ने खुद को पंजाब के एक नर्सिंग इंस्टिट्यूट से जुड़ा बताते हुए उसे तीन साल के जीएनएम कोर्स में दाखिला दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने एडमिशन, हॉस्टल और रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर करीब 2 लाख रुपए से अधिक वसूले। बाद में दस्तावेज और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने के नाम पर और भी रकम मांगी गई। पीड़ित ने बताया कि परीक्षा परिणाम आने के बाद भी जब उसे रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नहीं मिला तो उसने कई बार आरोपी से संपर्क किया, लेकिन हर बार टालमटोल की गई। कृष्ण का आरोप है कि आरोपी संदीप ने उसके मूल दस्तावेज भी नहीं लौटाए। पुलिस में शिकायत देने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब उसने अदालत की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज हुआ है।

## सेहत | नागरिक अस्पताल की शिशु रोग ओपीडी में 60 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

# प्रदूषण और ठंड से बिगड़ी बच्चों की सेहत, अस्पतालों में बढ़ी भीड़

डॉक्टरों ने दी अभिभावकों को सतर्क रहने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण और बदलते मौसम का असर अब बच्चों की सेहत पर गंभीर रूप से दिखाई देने लगा है। नागरिक अस्पताल के शिशु रोग विभाग की ओपीडी में पिछले 15 दिनों के भीतर मरीजों की संख्या में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सुबह से ही अस्पताल में इलाज के लिए आए बच्चों और उनके अभिभावकों की लंबी कतारें लग रही हैं।

अस्पताल में जहां पहले रोजाना औसतन 140 से 150 बच्चे ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 230 से 250 तक पहुंच गई है। अधिकतर बच्चों को खांसी, जुकाम, गले में खराश, सांस लेने में दिक्कत, बुखार और एलर्जी जैसी समस्याएं हो रही हैं। इनमें से कई मामलों में बच्चों को सांस संबंधी संक्रमण के चलते भर्ती तक करना पड़ रहा है। बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण और ठंड का यह मिश्रण बच्चों के लिए अत्यंत हानिकारक साबित हो रहा है। प्रदूषण के कारण हवा में मौजूद सूक्ष्म कण उनके फेफड़ों पर सीधा असर डालते हैं, जबकि ठंड के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वहीं, बढ़ती मरीज संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने शिशु रोग विभाग में अतिरिक्त डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती कर दी है।


नागरिक अस्पताल में ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### सुबह व शाम बच्चों को बाहर न निकालें

शिशु रोग विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह और देर शाम के समय वायु प्रदूषण का स्तर अधिक रहता है, इसलिए बच्चों को इस समय बाहर निकलने से बचाना चाहिए। उनके खानपान में पौष्टिक आहार, फल और पर्याप्त तरल पदार्थ शामिल करना जरूरी है, ताकि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। डॉक्टरों ने बताया कि इस समय जिन बच्चों को पहले से अस्थमा या एलर्जी की समस्या है, उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें भीड़भाड़ वाले और प्रदूषित इलाकों में जाने से बचाना चाहिए।

## राइस मिल के पास हादसे में युवक की मौत

**सोनीपत।** दावत राइस मिल के पास हुए सड़क हादसे में एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल भिजवाया, जहां उसे शवगृह में रखवाया गया है। पुलिस के अनुसार, राहगीरों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति को गंभीर हालत में पड़े देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक मृत अवस्था में मिला। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हादसे के कारणों और वाहन की पहचान की जा सके।

## निर्माण पर सवाल उठे तो रोड के भरवाए सैंपल

**गोहाना।** नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन राजनी विरमानी की निगरानी में मंगलवार को गजराज रोड का निरीक्षण करके सैंपल लिए गए। सैंपल को जांच के लिए भेजा जाएगा। पिछले कुछ दिन पहले गजराज रोड का निर्माण करवाया गया है। स्थानीय नागरिकों की ओर से सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें दी गई थीं। लोगों की शिकायतों के मद्देनजर नगर परिषद द्वारा यह कदम उठाया गया। चेयरपर्सन राजनी विरमानी ने कहा कि नगर परिषद गोहाना का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि शहर में किए जा रहे सभी विकास कार्य उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। हमारा उद्देश्य है कि न तो ठेकेदार को कोई असुविधा हो और न ही गोहाना वासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े। नगर परिषद गोहाना जनहित को सर्वोपरि मानते हुए शहर के सर्वांगीण विकास और जनसेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।


चेयरपर्सन रजनी विरमानी की निगरानी में सैंपल लेते हुए।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'


लाइफ Style

# नोरा
## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने बेरतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्स: स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।



इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।




### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

***नई दिल्ली।*** *अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## खबर संक्षेप




### फियरलैस फाल्कन्स बनीं चैम्पियन

**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित गेटवे गर्ल्स प्रीमियर लीग में फीयरलैस फाल्कन्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि एमडी बॉक्स क्रिकेट टीम उपविजेता रही। यह प्रतियोगिता भारतीय महिला क्रिकेटर्स को समर्पित थी और इसका उद्देश्य बालिकाओं में खेल भावना व आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। इस आयोजन की पहल और संयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के अमित लांबा ने किया।

### अंग्रेजी भाषण में दून स्कूल की टीम अव्वल




**गोहाना।** गोहाना–पानीपत मार्ग पर स्थित दून पब्लिक स्कूल की टीम अंतर विद्यालय अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में अव्वल रही। मंगलवार को टीम के विजेता विद्यार्थियों को स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार ने सम्मानित किया। ओम पब्लिक स्कूल में ओपी लाठर अंतर विद्यालय अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इस प्रतियोगता में दून पब्लिक स्कूल गोहाना की छात्रा वंशिका और एकता की टीम ने प्रथम स्थान हासिल करके ट्राफी कब्जा ली।

### चुनाव के वक्त ही लेते हैं कर्मचारियों की सुध : टांक



**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना सोनीपत यूनियन का धरना मंगलवार को 41वें दिन भी जारी रहा। वहीं कार्मिक भूख हड़ताल भी 11वें दिन में प्रवेश कर गई। मुकेश टांक ने आरोप लगाया कि किसी भी नेता या अधिकारी ने हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से कोई बातचीत नहीं की। जब चुनाव होता हैं जब कर्मचारियो की सुध ली जाती है और इनके सारे दुख सुख पूछे जाते हैं। लेकिन अब हटाए कर्मचारियो की कोई भी परेशानी नही सुन रहा हैं। हटाए हुए कर्मचारी परेशान होकर 13 नवंबर को दिन रात अमरण अनसन पर बैठ जाएंगे।

### सीएम विंडो पर शिकायत के बाद नहीं हुई कार्रवाई

**गन्नौर।** गांधी नगर में एक व्यक्ति को उसके ही कमरे में जिंदा जलाने का प्रयास करने के मामले में पीड़ित पक्ष ने कार्रवाई न होने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता गांधी नगर निवासी राजेंद्र पहल का कहना है कि इस संबंध में सीएम विंडो पर भी शिकायत दी गई, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### स्वावलम्बी महिला ही सशक्त समाज की नींव

**खरखौदा।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत पांच दिवसीय महिला स्वावलम्बन शिविर का आयोजन साधना स्थली, झिंझौली में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ संस्था के वाइस चेयरमैन हेमंत शर्मा, राष्ट्र सेविका समिति से तारा, ट्रस्टी एवं मार्गदर्शक कामा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर में सात राज्यों से 107 महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं।

### जीवीएम में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन

**सोनीपत।** स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री रहे स्व. मौलाना अब्दुल कलाम आजाद के जन्मोत्सव के मौके पर जीवीएम गर्ल्सध कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। प्राध्यापिका डा. रेनू ने बताया कि जीवीएम आईआईसी सैल के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस में जीवीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को शामिल किया गया।

## सोनीपत ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई

# सड़क किनारे ठेले-खोखे और अवैध कब्जे हटवाए

- भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों सेक्टर 14 मार्केट, गांधी चौक, बस स्टैंड और गंदा नाला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया गया, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को नगर निगम टीम के साथ मिलकर शहर के विभिन्न भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह कार्रवाई सेक्टर 14 मार्केट, गांधी चौक, बस स्टैंड और गंदा नाला क्षेत्र में की गई।

- उपायुक्त ने की आमजन से सड़क और फुटपाथों पर अतिक्रमण न करने की अपील

अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण, अवैध ठेले, खोखे और दुकानों के आगे रखे सामान को हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण यातायात जाम की समस्या बढ़ रही थी और आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अभियान का उद्देश्य शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाना और दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है।



सोनीपत। अभियान के तहत अतिक्रमण हटवाते हुए पुलिस।

सिटी ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक देशराज ने कहा कि संयुक्त टीम ने जगह-जगह निरीक्षण कर सड़क और फुटपाथों पर अवैध कब्जे खाली कराए। वहीं, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेन्द्र कादयान ने बताया कि अभियान का मकसद लोगों को जागरूक करना और शहर की सड़कों को सुरक्षित व जाम-रहित बनाना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे सड़क और फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए पुलिस का सहयोग करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

## देश की मजबूती के लिए स्वदेशी वस्तुएं अपनाएं : गुप्ता

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के बहुतकनीकी संस्थान में मंगलवार को श्रद्धेय दत्तोपंत बापूराव ठेंगड़ी जयंती के उपलक्ष्य में स्वदेशी अपनाओ विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेतृत्व प्रांत सह समन्वयक प्रो. इप्शिता बंसल ने किया। स्वदेशी अभियान की प्रचारक शेफाली गुप्ता ने छात्राओं को स्वदेशी अपनाने का महत्व समझाया।

- स्वदेशी अपनाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं बल्कि देश के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना है। उन्होंने छात्राओं को अपने कौशल और प्रतिभा को भारत की उन्नति में लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्या किरण जिंदल ने छात्राओं को स्वदेशी अपनाने और स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्राथमिकता देने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी ही भारत के आत्मनिर्भर भविष्य की असली शक्ति है। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकों और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## छात्रा निकिता ने किया विद्यालय का नाम रोशन



सोनीपत। निकिता दहिया का स्वागत करते हुए विद्यालय के चेयरमैन।

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत की प्रतिभाशाली छात्रा निकिता दहिया ने संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा 2024 की सूची में 37वीं रैंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया है।

निकिता दहिया, मूल रूप से गांव रोहत हाल, सोनीपत की निवासी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ऋषिकुल विद्यापीठ से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान (ऑनर्स) विषय में पूरी की। निकिता के पिता विनोद दहिया भारतीय सेना की 19 राजपूताना राइफल्स में सूबेदार रह चुके हैं तथा माता सुनीता देवी गृहिणी हैं। निकिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और स्वयं की सतत मेहनत को दिया है। उन्होंने कहा कि "सफलता किसी बड़े संस्थान से नहीं, बल्कि अपने समर्पण और आत्म-अनुशासन से मिलती है।" विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने निकिता की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ऋषिकुल की छात्राओं ने सदैव शिक्षा, अनुशासन और परिश्रम का आदर्श प्रस्तुत किया है। निकिता की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक धीरज शर्मा ने कहा कि निकिता जैसी छात्राएं संस्थान की गौरवगाथा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती हैं। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने ऋषिकुल परिवार के सभी सदस्यों की ओर से निकिता को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कांग्रेस सरकार आई तो खत्म कर देंगे ठेका प्रथा : नरेश मलिक

- असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस की ओर से कांग्रेस भवन सोनीपत में मंगलवार को कार्यकर्ता सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता यशवंत राव चौहान जिला अध्यक्ष असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस ने की।

सभा का संचालन ओम कुमार जांबाज प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया। सभा में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि नरेश मलिक प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष नरेश मलिक का यशवंत राव चौहान व सोनीपत की समस्त टीम ने पगड़ी पहनाकर फूल मालाओं से स्वागत किया। सतीश प्रकाश मलिक ने मुख्य अतिथि को पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नरेश मलिक ने कहा की सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत के साथ संगठन के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना होगा ताकि हम स्वर्गीय राजीव गांधी व स्वर्गीय इंदिरा गांधी के सपने को पूरा कर सकें। हर मजदूर कामगार कर्मचारी के साथ हो रहे अन्याय अत्याचार के खिलाफ आवाज उठानी होगी। हर गली में हर गांव में हर नुक्कड़ पर जाकर आवाज उठानी होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधन में कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी आई तो हम प्रदेश में हो रहे ठेका प्रथा को एक कलम से खत्म करने का काम करेंगे। हर मजदूर को हर कर्मचारी को उनका हक और अधिकार दिलवाएंगे। इस मौके पर वेदपाल प्रदेश उपाध्यक्ष, पवन कुमारी सैनी प्रदेश महासचिव, रमेश मेहरा प्रदेश महासचिव, राजेश डाबड़ा जिला अध्यक्ष हिसार, दिलबाग धीरनवास जिला सीनियर उपाध्यक्ष हिसार, मीना चहल प्रदेश सचिव, सरदार जसविंदर सिंह जिला उपाध्यक्ष, वेदपाल सभरवाल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पवन शर्मा जिला महासचिव, सलीम खान जिला महासचिव, सत्तार खान जिला उपाध्यक्ष, रिंकू सोलंकी जिला उपाध्यक्ष, राम सिंह दहिया जिला सचिव, रेखा सोलंकी जिला महिला ग्रामीण अध्यक्ष, गीता मलिक महिला जिला उपाध्यक्ष, सरोज, ममता अरोड़ा, नीतू रानी, पूजा, रेखा नागर, पिंकी नागर, नवीन इंदौरा, सुमन, निर्मला आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## मुफ्त नेत्र जांच चिकित्सा शिविर लगाया

- 200 से अधिक उद्योगपतियों व श्रमिकों की नेत्रों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

महाराज दर्शन दास के शहीदी दिवस पर एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रदेशाध्यक्ष का एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक, महासचिव हरप्रीत सिंह, नवजोत सिंह व हरिओम शर्मा ने स्वागत किया।

शिविर में एनडीसीएफएस फाउंडेशन के सहयोग से आई संेटर ऑफ आई की टीम ने 200 से अधिक उद्योगपतियों, अधिकारियों व श्रमिकों की नेत्रों की जांच की। नेत्र जांच के दौरान मिले मोतियाबिंद के रोगियों का निःशुल्क आपरेशन करवाया जाएगा। वहीं अन्य मरीजों को चश्मे व दवा वितरित की गई। प्रदेशाध्यक्ष बडौली ने कहा कि औद्योगिक संस्थान केवल उत्पादन तक सीमित न रहें, बल्कि समाज के विकास में भी भागीदारी निभाएं।




गन्नौर। न नेत्र चिकित्सा शिविर में पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली का स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## आंचल ने वाद-विवाद में जीता प्रथम स्थान



सोनीपत। विजेता विद्यार्थी के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा यूथ फेस्टिवल का आयोजन पंडित नेकीराम कॉलेज, रोहतक में किया गया। टीकाराम कन्या महाविद्यालय की छात्रा आंचल (बीपीएड) प्रथम वर्ष ने हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता के पक्ष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा का सांस्कृतिक विभाग की अध्यक्ष शीतल व कॉलेज प्राचार्या गीता ने जोरदार स्वागत किया। संस्थान के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने छात्रा को बधाई देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. आशा राठी, डॉ. नीलम दहिया, डॉ. मनीषा, डॉ. मोनिका ने भी बधाई देते हुए भविष्य में भी इस तरह भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## आर्य समाज काठ मंडी में अथर्ववेद पारायण महायज्ञ शुरू

# स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज का अहम योगदान

- पूर्व विधायक जयतीर्थ, समाज सेवी प्रवीण वर्मा ने किया दीप प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं, यह स्वतंत्रता हमें बड़े बलिदान, त्याग और संघर्ष से मिली है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज का अविस्मरणीय योगदान है। ये विचार मंगलवार को वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने व्यक्त किए।

वे शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार से शुरू हुए पांच कुंडीय अथर्ववेद पारायण महायज्ञ में बतौर ब्रह्मा आर्यसमाजियों को संबोधित कर रहे थे। अथर्ववेद पारायण महायज्ञ के पहले दिन पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया, समाज सेवी प्रवीण वर्मा, मा. इन्द्र सिंह, सुभाषचन्द्र, जयवीर गहलावत पहुंचे जबकि राजेन्द्र सिंह-कमला, सतपाल सिंह-मीना, रणदीप-ज्योति महायज्ञ के यजमान बने। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने पहली बार स्वराज्य शब्द का प्रयोग किया और भारत की सोई जनता को ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार किया। स्वामी दयानन्द सरस्वती के स्वराज्य शब्द से ही प्रेरणा लेकर असंख्य लोगों ने देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को हंसते-हंसते चूम लिया और जेल काटी। यज्ञ करना सर्वश्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ का करना-कराना और वेद का पढ़ना-पढ़ाना सब आर्यों का परम धर्म है। जो हमसे द्वेष करता है और जिससे हम द्वेष करते हैं, उन दोनों को हमें ईश्वर की न्याय व्यवस्था में छोड़ देना चाहिए क्योंकि परमात्मा ही सच्चा न्यायकारी है। दुनिया की अदालतों में झूठ चल सकता है लेकिन ईश्वर की अदालत में केवल सच्चाई चलती है।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते हुए आर्य समाज के मंत्री कपिल देव साथ में अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पर आर्य समाज के प्रधान धर्मप्रकाश दहिया, मंत्री कपिल देव, कोषाध्यक्ष अरुण दहिया, प्रवीण दहिया, प्राचार्य नरेन्द्र सिंह, चांदकौर, नीलम, मंजू, सीमा, सोनिया, संतोष, बबीता, रजवंत कौर, सतेन्द्र, दिलावर, जसबीर आदि भी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### ग्रामीणों को दिया बलिदान दिवस का न्योता



**गन्नौर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के नवनियुक्त सोनीपत लोकसभा संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने अपने पैतृक गांव बली कुतुबपुर का दौरा कर ग्रामीणों को अभियान से जोडने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को 14 नवम्बर को राई स्थित राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में अमर बलिदानी शिश के दानी दादा कुशाल सिंह दहिया की स्मृति में आयोजित सम्मान समारोह में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। नेहरा ने गांव में आत्मनिर्भर भारत अभियान के पत्रक बांटे और ग्रामीणों से फार्म भरवाकर उन्हें आत्मनिर्भर भारत की भावना से जुडने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को स्वावलंबी बनाना है ताकि देश आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बन सके। इस अवसर पर सरपंच देवेन्द्र सरोहा, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह नेहरा, अमित सरोहा, चोबीसी के प्रधान नफे सिंह गुर्जर, पानीपत को-ऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर राजू सरोहा, पूर्व सरपंच प्रेम सिंह व धर्मबीर जांगड़ा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में नन्हे सितारों ने मोहा मन




**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कक्षा पीपी-2 के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में थीम आरंभ : उत्साह की उड़ान पर अपनी कक्षा प्रस्तुति दी। नन्हे विद्यार्थियों ने अपने मनमोहक प्रदर्शनों से मंच को जगमगा दिया और चारों ओर खुशी, मासूमियत और सकारात्मकता का संचार किया। प्रधानाध्यापिका स्वाति बालियान ने भावपूर्ण शब्दों में उपस्थित लोगों को संबोधित किया, छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। नन्हे-मुन्नों को इतने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करते देखकर अभिभावक भी गर्व और खुशी से भर गए।

### वित्तीय साक्षरता एवं व्यक्तित्व विकास सत्र आयोजित



**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु वित्तीय साक्षरता एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन निजी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सीए राहुल गुप्ता और शिखा तोमर ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सीए राहुल गुप्ता ने छात्रों को वित्तीय अनुशासन, बचत, निवेश एवं बजट प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को कम उम्र से ही आर्थिक समझ विकसित करने की प्रेरणा दी ताकि वे भविष्य में सफल और आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं शिखा तोमर ने व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, संवाद कौशल तथा सकारात्मक सोच पर विद्यार्थियों के साथ प्रेरक विचार साझा किए। इस अवसर पर रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट के अध्यक्ष पुनीत जग्गा और सचिव अंकुश शर्मा, विशाल बेदी, विजय कुमार, रूबी, पूजा, वंदना जग्गा, विद्यालय प्रबंधक पूनम रॉय और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### वंदे मातरम केवल एक शब्द नहीं, ऊर्जा है : जैन



**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक शब्द नहीं है - यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है और एक पवित्र संकल्प है। उपस्थित जनसमूह ने स्कूल की छात्राओं के साथ सामूहिक रूप से वन्देमातरम गीत गाया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वंदे मातरम मां भारती के प्रति भक्ति और आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक है।

### आधुनिक शिक्षा के शिल्पी थे मौलाना कलाम : सेतिया



**गोहाना।** शहर के पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में मंगलवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने अबुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा मौलाना अबुल कलाम आजाद भारत में शिक्षा प्रणाली की नींव रखने वाले एक दूरदर्शी वास्तुकार थे। वह आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री भी थे। उन्होंने शिक्षा को सार्वभौमिक मुक्त और अनिवार्य बनाने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा और संस्थाओं का को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए। जयंती समारोह के अध्यक्षता शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त बीईओ एडवोकेट सुभाष मेहता ने की।

### राष्ट्र का गौरव थे बलिदानी कुशाल सिंह : बिजेंद्र



**गोहाना।** भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि बलिदानी कुशाल सिंह दहिया राष्ट्र का गौरव थे। उनका जीवन सब के लिए प्रेरणादायक है। उनकी गौरव गाथा विषय पर 14 नवंबर को राई में विशाल एवं ऐतिहासिक रैली होगी। वे मंगलवार को सोनीपत मार्ग स्थित भाजपा जिला गोहाना कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि बलिदानी कुशाल सिंह दहिया जैसे वीरों के जीवन से हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण की शिक्षा मिलती है।

## खबर संक्षेप



### यूथ फेस्टिवल में जीते चार पुरस्कार

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य महाविद्यालय सोनीपत से कल्चरल विभाग की अध्यक्ष डॉ. उर्मिला हुड्डा के सानिध्य में विद्यार्थियों ने यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें महाविद्यालय ने चार पुरस्कारों पर कब्जा पाया। जिसमें माइम में तीसरा स्थान, मेल सोलो हरयाणवी डांस में दूसरा, डिबेट हिंदी दूसरा तथा डिबेट अंग्रेजी में प्रथम स्थान मिला। सभी विद्यार्थियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्य ने स्वागत किया।

### संदिग्ध हालात में युवक की हुई मौत

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव जाहरी में संदिग्ध हालात में युवक की मौत का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। झारखंड हाल में जाहरी निवासी दिलशान ने बताया कि उसका भाई सिरजान (21) मेहनत- मजदूरी का काम करता था। सोमवार को अचानक बेसुध हो गया। उपचार के लिए उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रसेवा और जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए 24 अक्तूबर से 1 नवम्बर 2025 तक आयोजित युवा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन किया। यह शिविर 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी कुरुक्षेत्र द्वारा अरुनई, पेहोवा में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 225 कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें से 29 कैडेट्स हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की थीं।

शिविर के दौरान आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी हिंदू गर्ल्स कॉलेज की कैडेट्स सर्वोच्च स्थान पर रहीं।

## एसएमओ की सीधी भर्ती का विरोध

# डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

*हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को करेंगे मुख्यालय का घेराव*

- डॉक्टरों का आरोप- सीधी भर्ती से पदोन्नति अधिकारों का हनन और मनोबल प्रभावित
- एसोसिएशन ने चेतावनी दी, अगर मांगें नहीं मानी तो आंदोलन होगा तेज
- डॉ. नितिन फालस्वान ने पूर्व आदेश और पिछले आश्वासनों का हवाला दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएसए) के आह्वान पर जिले के डॉक्टरों ने सोमवार को एसएमओ (सीनियर मेडिकल ऑफिसर) की सीधी भर्ती नीति के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला नागरिक अस्पताल सहित जिले के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों ने ओपीडी के दौरान काली पट्टी पहनकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई और भर्ती नीति को वापस लेने की मांग की। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस मामले में जल्द कोई ठोस समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। डॉक्टरों ने घोषणा की कि गुरुवार को पंचकूला स्थित स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तर पर रणनीति तैयार की जा चुकी है और सभी जिलों के चिकित्सकों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया गया है। जिला प्रधान डा. नितिन फालस्वान ने बताया कि एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से इस भर्ती नीति का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि एसएमओ की सीधी भर्ती से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डॉक्टरों के पदोन्नति के अधिकारों का हनन होगा और इससे जूनियर चिकित्सकों का मनोबल प्रभावित होगा। डॉ. फालस्वान ने बताया कि तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भी डायरेक्ट एसएमओ भर्ती को रोकने के निर्देश दिए थे।



**सोनीपत।** काले बिल्ले लगाकर विरोध करते हुए चिकित्सक।

### जिलेभर के चिकित्सकों में रोष

उस आदेश की प्रति एसोसिएशन ने अपने ज्ञापन के साथ सरकार को भेजी है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी सेवा नियमों में संशोधन को लेकर आंदोलन किया गया था, जिसके बाद सरकार ने आश्वासन दिया था कि ऐसी भर्ती नीति लागू नहीं की जाएगी। बावजूद इसके अब फिर से डायरेक्ट भर्ती की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिससे चिकित्सकों में गहरा रोष है। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने डॉक्टरों की मांगों की अनदेखी की, तो राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। फिलहाल मंगलवार को भी डॉक्टर काली पट्टी बांधकर विरोध जारी रखेंगे, जबकि गुरुवार को पंचकूला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की हठधर्मिता जारी रही तो डॉक्टर मजबूरन कठोर कदम उठाने को विवश होंगे।

# शिक्षा मंत्री ने दिया सेवा नियमावली 2012 में संशोधन का आश्वासन : अध्यापक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- सभी एसीपी और मेडिकल मामलों के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया

शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार, एसीएस विनीत गर्ग और मौलिक शिक्षा निदेशक विवेक अग्रवाल की उपस्थिति में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से 8 नवंबर के पानीपत प्रदर्शन के अध्यापक संघ की अध्यापकों की समस्याओं के बारे बातचीत हुई। इस बारे में जारी देते हुए संघ के जिला पदाधिकारियों ने कहा कि बैठक में जेबीटी के 2012 के सेवा नियमावली में संशोधन, छुट्टियों में लगे प्रशिक्षण शिविरों के बदले प्रतिपूर्ति अवकाश (कम्पनसेंटरी लीव) का पत्र मौके पर ही जारी कर दिया गया। अधूरे मामलों को छोड़कर, पूरे दस्तावेज़ों वाले सभी एसीपी और मेडिकल मामलों के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया गया। सीएंडवी तथा जेबीटी शिक्षकों के अंतर-जिला ट्रांसफर और सभी केटेगरी के ट्रांसफर 31 मार्च से पहले करने का आश्वासन दिया गया। सभी वर्गों के तबादले 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे। मॉडल संस्कृति एवं पीएम श्री स्कूलों में तबादले हेतु ली गई परीक्षा का परिणाम 15 दिन में जारी करने का आश्वासन दिया गया।



**सोनीपत।** शिक्षा अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए संघ के पदाधिकारी।

### टीम में ये रहे शामिल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ सोनीपत की टीम में जिला प्रधान नरेंद्र चहल कि अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना व उप जिला शिक्षा अधिकारी अनिल से अध्यापकों की मांगों को लेकर मिला। जिसमें लंबित एसीपी, मेडिकल बिल, एलटीसी, बिजली बिल व अनेक मामलों को लेकर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी मामलों का हल किया जाएगा आज के प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव दिनेश छिक्कारा, कुलदीप सिंह, सुरेंद्रपाल, राज्य सचिव जोगिंदर व जिला कार्यकारिणी से अनिल कुमार शामिल रहे।

## खेलों से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास संभव : पुनीत राई



**राई।** भाजपा नेता व निगम पार्षद विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**राई।** कल्चर मॉडर्न पायथिन खेलों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में सरस्वती स्कूल के छात्रों ने 6 पदक जीते। अपने नाम किए। पदक विजेता खिलाड़ियों का निगम पार्षद एवं भाजपा नेता पुनीत राई ने स्वागत किया। विद्यालय के कराटे कोच राजेश कुमार ने बताया की कराटे प्रतियोगिता 7 से 9 नवंबर बंगलौर में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में प्रिंस, देववर्थ, अंश, गरिमा ने स्वर्ण पदक व डिम्पल ने रजत व टीना कास्य पदक जीत कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्य प्रवीन ने खिलाडियो का स्वागत किया और खिलाड़ियों के मनोबल और हौसला बढ़ाने के लिए पार्षद पुनीत राई ने खिलाड़ियों फूल मलाओ और खिलाड़ियों के हौसले को प्रेरित करने के लिए सहयोग राशि देकर सम्मानित किया। पुनीत राई ने कहा इन खिलाडियों ने स्कूल का ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों को बताया कि खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। प्रदेश सरकार खेलो को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कर्ष प्रदर्शन कर छात्रों ने राज्य और देश का नाम रोशन किया।



## अनुचित व्यवहार या शोषण के विरुद्ध सख्त कानूनी सुरक्षा की जानकारी ली

- रूकमणि देवी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**राई।** रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों ने बचपन की सुरक्षा-सबकी जिम्मेदारी विषय पर आधारित एक सशक्त और भावनात्मक नाट्य प्रस्तुति दी। नाटक पोक्सो एक्ट पर केंद्रित था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और आत्म-सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कक्षा 1 से 12 के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति को अत्यंत रूचि और संवेदना के साथ देखा। नाटक के दौरान विद्यार्थियों ने जाना कि बच्चों के प्रति किसी की प्रकार के अनुचित व्यवहार या शोषण के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सख्त कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थिय में कानूनी जागरूकता के साथ नैतिक चेतना भी जगाते हैं। हमारे विद्यार्थी जब अपने अधिकारों के प्रति सचेत होंगे, तभी समाज सुरक्षित बनेगा।

# 3.68 करोड़ रुपये से होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने किया शुभारंभ

विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 5 के देवडू रोड पर पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 5 की शिव कॉलोनी, मामचंद कॉलोनी, जीवन विहार और ऋषि कुंज कॉलोनी की जर्जर हो चुकी पुरानी गलियों को सीसी और इंटरलॉकिंग टाइल से पक्का करने का काम शुरू किया गया है। इनमें कुछ गलियां बहुत समय पहले टाइल्स से बनी थी जो अब टूट चुकी है, उनको अब सीसी से बनाया जाएगा। साथ ही कुछ गलियों का नए सिरे से निर्माण भी किया जाएगा। इस पूरे कार्य को 2 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक एवं मेयर।

### सड़कों के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ

इसके उपरांत विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नंबर 10 के सेक्टर 13 में पहुंचे। इस अवसर पर बरसात के बाद सेक्टर 13 की जर्जर हो चुकी सड़कों के नवनिर्माण के कार्य का शुभारंभ किया गया। मेयर राजीव जैन ने बताया कि सेक्टर 13 के अंदर की सड़कें जो तारकोल से बनी हुई थी, भारी बरसात के बाद उनकी हालत जर्जर हो गई थी। स्थानीय निवासियों के माध्यम से समस्या संज्ञान में आने के बाद इन सड़कों को बनाने की टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी। आज इन सभी सड़कों को बिट्यूमिन तारकोल से बनाने का कार्य शुरू करवा दिया गया है। इस कार्य को नगर निगम द्वारा 58 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा।



**गोहाना।** निर्दोष मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए जेएलएन विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी।

## धमाके में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए भीषण धमाके में मारे गए निर्दोष नागरिकों की स्मृति में मंगलवार को गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों ने मृतकों श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी और एमडी सुनील शर्मा का रहा। प्राचार्या डॉ. सचिन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं हमें यह याद दिलाती हैं कि सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है अपितु हर नागरिक का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह सतर्क और सजग रहे। हमें अपने आसपास के माहौल पर नजर रखनी चाहिए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या लावारिस वस्तु की सूचना तुरंत प्रशासन या पुलिस को देनी चाहिए। डकार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने में सदैव अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर उप प्राचार्य सूरत शर्मा भी मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने करियर काउंसलिंग सत्र किया आयोजित



**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों द्वारा करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल, कॉमर्स, आर्ट्स, अकाउंटेंसी, फैशन डिजाइनिंग, कंप्यूटर साइंस और अन्य उभरते करियर अवसरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं को समझते हुए करियर चुनने की सलाह दी। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने मन में उठ रहे करियर से जुड़े प्रश्न शिक्षकों से पूछे। शिक्षकों ने प्रत्येक प्रश्न का विस्तारपूर्वक उत्तर देकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।




**गन्नौर।** प्रतियोगिता के दौरान वाद विवाद करते छात्र।

## विश्व शिक्षा दिवस पर वाद-विवाद स्पर्धा आयोजित

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता चारों सदनों के मध्य हुई जिसमें कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में डिग्निटी प्रथम, डिवाइन द्वितीय और प्रेस्टीज ने तृतीय स्थान हासिल किया। शिक्षकों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर और जीवन में शिक्षा की भूमिका पर प्रेरणादायी संदेश दिए। विद्यार्थियों ने पोस्टर, भाषण और कविता प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल के प्रधानाचार्य भारत गुप्ता ने बताया कि शिक्षा केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने सभी को विश्व शिक्षा दिवस की बधाई दी।

# सदाचार-संयम के बिना धन-पद का कोई मूल्य नहीं

- एमएसएमई चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के आयोजित कार्यक्रम में मुनि महाराज ने किए प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गुरुदेव उपमेन्द्र मुनि महाराज ने प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए कहा कि सदाचार ही मानव जीवन की सच्ची शोभा है। आज का मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं के पीछे भागते हुए आंतरिक शांति को भूलता जा रहा है। मुनि महाराज जैन एमएसएमई चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस एक में प्लाट 367-68 में प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित कर रहे थे। इससे पूर्व मुनि महाराज से एचएसआईडीसी के सम्पदा अधिकारी विनोद कत्याल, रोहताश पवार, पवन जैन, विनोद जैन, विरेन्द्र जैन, संजय जैन चिल्ली, राजेन्द्र जैन, नरेन्द्र नंदा आदि ने आशीर्वाद लिया। मुनिक महाराज उपेन्द्र मुनि ने प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए कहा कि जब तक मन, वचन और कर्म से पवित्रता नहीं आती, तब तक जीवन में सुख संभव नहीं है। धन, पद और प्रतिष्ठा का कोई मूल्य नहीं यदि मनुष्य के जीवन में सदाचार, करुणा और संयम नहीं है।




**गन्नौर।** गुरुदेव उपमेन्द्र मुनि महाराज ने प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए।

### संस्कारों को पहचानने की जरूरत

*मनुष्य जब अपने भीतर झांकता है, तब उसे सच्चे आनंद की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि अहिंसा केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है। किसी जीव को कष्ट न देना ही सच्चा धर्म है। मुनिश्री ने युवाओं से कहा कि आज की पीढ़ी को सोशल मीडिया और आधुनिकता की चमक में डूबने की बजाय अपने संस्कारों को पहचानने की जरूरत है। जीवन में सफलता तभी मिलती है जब हम अपने कर्मों पर नियंत्रण रखें और समय का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि ध्यान और स्वाध्याय के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर शांति का अनुभव कर सकता है। जो स्वयं को सुधार लेता है, वही समाज को सुधारने में सक्षम होता है। इस मौके पर एमएसएमई से राजेन्द्र जैन, रामशरण जैन, अशोक मलिक मौजूद रहे।*

## समूह नृत्य प्रतियोगिता में छाए ओपीएस के विद्यार्थी

**गोहाना।** 18वीं राष्ट्रीय हरियाणवी समूह लोक नृत्य में गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस) की टीम विजेता बनी। टीम ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके ट्राफी कब्जाने के साथ 11 हजार रुपये नुकद पुरस्कार भी जीता। मंगलवार को स्कूल की एमडी निर्मल लाठर ने विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा के अनुसार पानीपत स्थित गीता विश्वविद्यालय द्वारा 18वीं समूह लोक नृत्य एवं अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में सौ टीमों ने भाग लिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में ओपीएस की टीम में वंदना, मानवी, ईरा, अनुष्का, दृष्किा, पावी मलिक, सम्पन्न सिंह, विदूषी और सावी शामिल रहे। इस टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में ओपीएस की दृष्टि और अतिक्षा टीम तृतीय स्थान पर रही। इस टीम को 11 सौ रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 8 व 9 नवंबर को रोहतक स्थित अगस्त्या स्कूल में 7वीं हरियाणा राज्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन खेलों में ओपीएस के कक्षा चौथी के विद्यार्थी विहान ने अंडर-11 आयु वर्ग में योग प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**खेल** — गुरुग्राम में आयोजित 27वें स्टेट लेवल गेम्स में शॉटपुट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन


# हरियाणा ओलंपिक गेम्स में साउथ पॉइंट कॉलेज की पूजा ने झटका रजत पदक

- कॉलेज लौटने पर साउथ पॉइंट परिवार ने गर्मजोशी से किया स्वागत
- चेयरमैन और प्रशासन ने पूजा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

साउथ पॉइंट कॉलेज की छात्रा पूजा कुमारी ने गुरुग्राम में आयोजित 27वें एथलेटिक्स हरियाणा ओलंपिक स्टेट लेवल गेम्स की शॉटपुट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर (रजत) मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 02 से 06 नवंबर तक सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम, गुरुग्राम में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर से 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। पदक जीतने के बाद पूजा जब कॉलेज लौटी तो साउथ पॉइंट परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। कॉलेज परिसर में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पूजा की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा पूजा ने मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता हमारे संस्थान के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह साबित करती है कि साउथ पॉइंट के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पूजा कुमारी मूलरूप से चरखी दादरी के गांव चंदेनी की रहने वाली है और साउथ पॉइंट कॉलेज में बी.पी.ई.एड प्रथम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने पूजा की अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि पूजा ने न केवल संस्थान का नाम रोशन किया है, बल्कि महिला खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल कायम की है। उनकी उपलब्धि हर छात्रा को प्रेरित करेगी। सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि पूजा का प्रदर्शन अनुकरणीय रहा।



**सोनीपत।** हरियाणा ओलंपिक गेम्स की शॉटपुट स्पर्धा में विजेता पूजा अन्य खिलाड़ियों के साथ पदक दिखाते हुए।



**खरखौदा।** एकेडमिक डायरेक्ट के साथ पदक विजेता खिलाड़ी।

## साक्षी, वृंदा ने गोल्ड और हंसिका ने जीता ब्रॉन्ज

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल की प्रतिभाशाली मुक्केबाज खिलाड़ियों ने हरियाणा ओलंपिक गेम्स (बॉक्सिंग) रोहतक में शानदार प्रदर्शन करते हुए साक्षी ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं हंसिका ने 70 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। जबकि नैटबाल में वृंदा ने पारंपरिक नेटबॉल व फास्ट फाइव नेटबॉल में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुँचने पर खिलाड़ियों का द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, बॉक्सिंग कोच नवीन व पिंकू ने स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान वेदप्रकाश दहिया व संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने इन खिलाड़ियों को विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया ने बताया कि हंसिका इससे पूर्व दुबई में आयोजित एशियन जूनियर महिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी है तथा वह 4 बार राष्ट्रीय पदक विजेता रह चुकी है। वहीं वृंदा 3 बार राष्ट्रीय व साक्षी 2 बार राष्ट्रीय पदक जीत चुकी है।